# दरगाह शरीफ के विकास एवं सुरक्षा को लेकर बैठक आयोजित

**अजमेर, (कासं)।** दरगाह क्षेत्र के विकास एवं सुरक्षा को लेकर जिला कलेक्टर लोक बन्धु की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कलेक्टर द्वारा दरगाह नाजिम, संबंधित विभाग एवं सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए। जिला कलेक्टर लोक बन्धु ने दरगाह क्षेत्र में बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए निर्देश देते हुए कहा कि जायरीन की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए। दरगाह में प्रवेश और निकास की अलग अलग व्यवस्था की जाए। बैरिकेडिंग कर आवाजाही को सुगम करने के भी निर्देश दिए।

दरगाह शरीफ की सुरक्षा के सम्बन्ध में अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) द्वारा समीक्षा भी की जाएगी। साथ ही इस सम्बन्ध में राज्य सरकार के स्तर पर उच्च स्तरीय बैठक प्रस्तावित है। उन्होंने महिला जायरीन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उनके प्रवेश पर अलग से जांच व्यवस्था करने को निर्देशित किया। दरगाह क्षेत्र में स्थित ऊंची इमारतों की समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही करने एवं क्षेत्र को उचित मानदंड अनुसार नो कंस्ट्रक्शन जोन बनाने के निर्देश दिए। साथ ही प्रवेश द्वार के समीप स्थित जूता स्टैंड को अन्यत्र स्थानान्तरित करने के निर्देश दिए गए। खादिमों की पहचान एवं लाइसेंस की अनिवार्यता सुनिश्चित करने एवं क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने पर भी जोर दिया। जिला कलेक्टर ने कहा कि शाहजहानी गेट के संकरे होने के कारण उत्पन्न अव्यवस्था को दूर करने के लिए वहां स्थान विस्तार की संभावनाएं तलाशी जानी चाहिए। एंट्री, निकास, स्टेशन रोड़ सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर साइन बोर्ड लगाए जाए तथा नियमित अनाउंसमेंट की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। सुरक्षा को लेकर स्कैनिंग और मेटल डिटेक्टर के जरिए जांच की जाए। अस्थाई अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई की जाए। जांच के बिना किसी भी गतिविधि की अनुमति नहीं देने के निर्देश दिए। संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर इंटेलिजेंस एजेंसियों के सहयोग से कार्रवाई करने को निर्देशित किया। इस अवसर पर दरगाह नाजिम एम बी खान, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट गजेन्द्र सिंह राठौड़, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिमांशु, राजेश मीणा, सहायक नाजिम डॉ. मोहम्मद आदिल, नगर निगम उपायुक्त कीर्ति कुमावत, अग्निशमन अधिकारी गौरव तंवर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।


जिला कलेक्टर लोक बन्धु की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की।

■ सुरक्षा के हो पुख्ता इंतजाम - जिला कलेक्टर लोक बन्धु

## संक्षिप्त

### जरूरतमंद बच्चों को किए वस्त्र भेंट

**अजमेर, (कासं)।** लायंस क्लब अजमेर आस्था ने शहर एवं जिले की सीमाओं को पार करते हुए समाज सेवा के क्षेत्र में नया अध्याय लिख दिया। संस्था ने जयपुर की एक संस्था के माध्यम से जरूरतमंद 35 बच्चों को समाजसेवी लायन राकेश पालीवाल पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन मधु पाटनी के सहयोग से वस्त्र भेंट किये। इस अनूठी पहल पर नन्हे मुन्ने बच्चों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ पड़ी। क्लब के अध्यक्ष लायन रूपेश राठी यह जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम संयोजक लायन अतुल पाटनी की अगुवाई में जयपुर के निर्माण नगर स्थित एवरेस्ट विहार कॉलोनी में संचालित एक संस्था में अध्यनरत इन बच्चों को वस्त्र भेंट किए गए, लगभग 4 से 5 वर्ष की आयु से लेकर 15 वर्ष की आयु के छात्र-छात्राओं को यह उपहार भेंट किए गए। कार्यक्रम में समाजसेवी अजमेर की शीतल जैन का सहयोग सराहनीय रहा।

### मूलभूत सम्सयाओं को लेकर लोगों में रोष

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के सुभाष नगर कॉलोनी स्थित राजपूत कॉलोनी में पानी की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। यहां के निवासी पानी की किल्लत से परेशान हैं। दो महीने से लगातार पानी नहीं आने से स्थानीय हेंडपंप से पानी भरने को मजबूर हैं। जलदाय विभाग के अधिकारी इस और कोई ध्यान नहीं दे रहे है। पानी नहीं मिलने के कारण महिलाएं दूर-दराज से पानी लाने को मजबूर हैं, जिससे महिलाओं को परेशानियों को सामना करना पड़ता है। समस्याएं केवल पानी की ही नहीं है,बल्कि कॉलोनी में सड़कें टूटी हुई है, जगह-जगह गड्ढे होने के कारण यहां के लोगों में जिम्मेदार अधिकारियों के प्रति आक्रोशत है। नगर निगम नेता प्रतिपक्ष धर्मेंद्र पारिक ने मौके पर जाकर लोगों की समस्याएं सुनी और नालियों और सड़कों को ठीक कराने का आश्वासन दिया।

### उपखंड अधिकारी को दिया ज्ञापन

**पुष्कर।** पुष्कर बार एसोसिएशन ने बुधवार को बार एसोसिएशन किशनगढ़ के वरिष्ठ अधिवक्ता बाल किशन सुनारिया को झूठे मुकदमे में गिरफ्तार करने के विरोध को लेकर न्यायिक कार्य का बहिष्कार करके आंदोलन किया और उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देकर दोषी पुलिसकर्मियों को सख्त सजा दिलाने की मांग की है। बालकिशन सुनारिया को झूठे मुकदमे में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया परिषद के बाहर से एक अपराधी व्यक्ति की भांति व्यवहार करते हुए बिना पूर्व सूचना अनाधिकृत रूप से न्यायालय अवकाश के दो दिन पहले 23 अप्रैल को गलत मंशा से गिरफ्तार कर अवकाश के दिन अवकाश कालीन मजिस्ट्रेट अजमेर के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाए जाने की कार्यवाही की जो सरासर गलत है तथा एक अधिवक्ता की गरिमा के विपरीत है पुलिस अभिरक्षा में अधिवक्ता बालकिशन के कपड़े खुलवाकर लॉकअप में पूरी रात बिठाये रखा थानाअधिकारी ने अधिवक्ता के साथ अभद्र व्यवहार कियाअधिवक्ताओं के साथ इस प्रकार की घटना आए दिन घटित होती रहने एवं अधिवक्ता के साथ द्वेषता पूर्वक कार्रवाई करने वाले पुलिसकर्मीयो के विरुद्ध अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने के कारण बार एसोसिएशन पुष्कर के अधिवक्ता में रोष व्याप्त है

### धोखे से लोन उठाया, दो गिरफ्तार

भीलवाड़ा, (निसं)। शहर की प्रताप नगर थाना पुलिस ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड कंपनियों की फर्जी पे-स्लिप पेश कर लाखों रुपये का धोखे से लोन उठाने के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। प्रताप नगर थाना प्रभारी सुरजीत सिंह ने बताया कि संजय आचार्य व शिवराज तेली ने आईसीआईसीआई बैंक में लिमिटेड कंपनियों की फर्जी पे-स्लिप पेश कर धोखे से लोन उठा लिया। आरोप है कि संजय ने 9.50 लाख रुपये, जबकि शिवराज ने करीब 5 लाख रुपये का लोन उठाया। इस धोखाधड़ी को लेकर बैंक ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज करवाया है। मामले की जांच एएसआई रामेश्वर लाल ने की। जांच के बाद इन दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में पुलिस गहनता से जांच कर रही है।

### निरीक्षण किया

**सरवाड़,(निसं)।** उपखंड क्षेत्र के टांटोटी के विभागों का उपखंड अधिकारी गुरु प्रसाद तंवर ने औचक निरीक्षण किया वही नगर पालिका क्षेत्र के टांटोटी के विभागों का किया निरीक्षण किया गया। रजिस्टर बाल गोपाल योजना द्वारा वितरित मिल्क पाउडर आदि का निरीक्षण किया गया।

## निशुल्क मिर्गी रोग शिविर में 118 रोगी हुए लाभान्वित

**अजमेर,(कासं)।** श्री प्राज्ञ मिर्गी रोग निवारक समिति गुलाबपुरा द्वारा माह के द्वितीय मंगलवार को नि:शुल्क मिर्गी रोग शिविर का आयोजन संस्था परिसर में हुआ। संस्था के मंत्री पदमचंद खटोड़ ने बताया कि कैंप में वरिष्ठ डॉक्टर आरके चंडक ने अपनी सेवाएं देते हुए 118 मरीजों की जांच कर परामर्श दिया गया। संस्था द्वारा मरीजों को निशुल्क दवा का वितरण भी किया गया। उन्होंने बताया स्वर्गीय शोभागमल, स्वर्गीय भंवर कंवर बिरावत की पुण्य स्मृति में लादूलाल, वैजयंतीमाला, रोहित कुमार, अमित कुमार बिरावत गुलाबपुरा मुंबई एवं प्रकाश चंद, सुनील कुमार, अनिल कुमार पीपाड़ा ब्यावर वालों की ओर आयोजित किया गया। शिविर में आए हुए मरीजों एवं उनके परिजन हेतु निशुल्क भोजन की व्यवस्था शांतिलाल, रौनक कुमार बांठिया बालोतरा वालो की ओर से की गई।

शिविर में अनिल चौधरी ने मरीजों को मृगी रोग से बचाव व योगा के बारे में विस्तार से समझाते हुए इसके नियमित रूप से करने पर जोर दिया।

संस्था के मंत्री पदमचंद जैन खटोड़ ने बताया कि शिविर में संस्था की गतिविधि की जानकारी दी गई। अध्यक्ष घेवरचंद श्रीमाल ने लाभार्थी परिजन का अभिनंदन किया, कोषाध्यक्ष राजेंद्र चोरडिया ने आभार व्यक्त किया। लादूलाल बिरावत ने सभी मरीजों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की शुभ कामनाएं देते हुए संस्था के कार्यों की सराहना की। शिविर में संस्था के मदनलाल लोढ़ा, मदनलाल रांका, सुरेश लोढ़ा, सुशील चौधरी, अतुल लोढ़ा, प्रेम पाड़लेचा, दिनेश जोशी, कमल कावडिया, दिलीप पाराशर, समता कोठारी, शशि चपलोत आदि ने सेवाएं प्रदान की। शिविर का संचालन अनिल चौधरी ने किया।

■ 118 मरीजों की जांच कर परामर्श दिया गया, मरीजों को निशुल्क दवा का वितरण भी किया

## बुद्ध जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की मांग

**अजमेर, (कासं)।** भगवान गौतम बुद्ध की जयंती बुद्ध पूर्णिमा पर राजकीय अवकाश की मांग को लेकर बुधवार को बुद्ध ज्योति विहार समिति अजमेर और सर्व धर्म मैत्री संघ के शिष्टमंडल ने जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम मांग पत्र सौंपा। सर्वधर्म मैत्री संघ के अध्यक्ष प्रकाश जैन के नेतृत्व में कलेक्टर लोक बंधु को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम सौंपे मांग पत्र में मांग की कि बुद्ध पूर्णिमा का राजकीय अवकाश घोषित किया जाए। प्रकाश जैन ने बताया कि अन्य धर्म संप्रदायों हिंदू, मुस्लिम, जैन ईसाई आदि के पर्व उत्सवो पर राज्य सरकार द्वारा पूर्व में ही अवकाश स्वीकृत हैं,उसी प्रकार बौद्ध समुदाय के सबसे बड़े पर्व बुद्ध पूर्णिमा (वैशाख पूर्णिमा) पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए। उन्होंने बताया कि बुद्ध पूर्णिमा को त्रिभुवन पावन पर्व इसलिए कहा जाता है, भगवान बुद्ध का जन्म की बुद्धत्व की प्राप्ति इसी दिन मोक्ष मार्ग की तरफ अग्रेषित हुए थे, इसीलिए पूर्णिमा को त्रिगुण पावन पर्व भी कहा जाता है। जैन सहित पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से मांग की कि राजकीय अवकाश घोषित किया जाए। धर्म रतन आनंद, प्रेम प्रकाश सिंह बौद्ध, घीसु लाल बौद्ध, बी ,स ज्योतियाना बौद्ध, शिव हरे सांवरिया, ललित जारेवाल उमराव सिंह, सुरेश कुमार तथा सर्व धर्म मैत्री संघ की ओर से अध्यक्ष प्रकाश जैन, मोहम्मद बिलाल दरगाह नाजिम, सीके शर्मा गायत्री परिवार सिस्टर केरोल गीता, वीके शर्मा,डॉ भारत छबलानी, कश्मीर सिंह, हरदीप सिंह, सूरज गुर्जर एवं डॉ लाल थदानी, प्रेम प्रकाश बेरवाल, प्रोफेसर सुशील बैरवा, ज्योति बनर्जी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

■ कलेक्टर को सौंपा मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र


कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी।

## कनिष्ठ अभियंता की कमी से एडीए की कार्यप्रणाली हो रही प्रभावित

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर विकास प्राधिकरण को वर्तमान में कनिष्ठ अभियंता के खाली पदों की समस्या का सामना करना पड रहा है। वर्तमान में अजमेर विकास प्राधिकरण में कनिष्ठ अभियंता के लगभग 30 पद स्वीकृत है, लेकिन वर्तमान में 5 कनिष्ठ अभियंता ही पूरे एडीए का भार संभाल रहे है। अजमेर विकास प्राधिकरण का क्षेत्र भी काफी बडा हो चुका है।

अजमेर उत्तर अजमेर दक्षिण, पुष्कर व किशनगढ तक एडीए का दायरा हो चुका है। एडीए में नियमन, प्लांटों की निलामी तथा निर्माण कार्यो की देखरेख तथा अन्य कार्यो के लिए कनिष्ठ अभियंता की अति आवश्यकता होती है। पूर्व में अजमेर विकास प्राधिकरण में दस कनिष्ठ अभियंता कार्यरत थे। लेकिन धीरे धीरे चार कनिष्ठ अभियंता साबिर खान, मनीष मिर्धा, अमित बजाज व अमित शर्मा का तबादला हो चुका है तथा एक कनिष्ठ अभियंता रघुनंदन शर्मा को पिछले दिनों डॉ कुलदीप शर्मा के प्रकरण के बाद निलंबित कर दिया था।

एडीए में अधिक कार्य व कम स्टॉफ होने की वजह से कनिष्ठ अभियंताओं को मानसिक तनाव की समस्या का सामना करना पड रहा है। वर्तमान में एडीए के कार्यक्षेत्र की पूरी जवाबदेही कनिष्ठ अभियंता योगेन्द्र शेखावत, अंशुल ऐरन, मनोज कुमार, प्रेम व लक्ष्मीनारायण पर आ चुकी है। अब एक छोरे से दूसरे छोर का दायरा पहुच गया है। इसका सबसे अधिक खामियाजा आमजन को उठाना पड रहा है। संपर्क पोर्टल पर होने वाले परिवाद अतिक्रमण की शिकायत, विधायक, सांसद फंड से होने वाले कार्य, विभिन्न क्षेत्रों में जाकर सरकारी जमीनों की जांच का कार्य भी प्रभावित हो रहा है।

■ वर्तमान में अजमेर विकास प्राधिकरण में कनिष्ठ अभियंता के लगभग 30 पद स्वीकृत है, लेकिन वर्तमान में 5 कनिष्ठ अभियंता ही पूरे एडीए का भार संभाल रहे है

## दामाद ने की सुसर पर फायरिंग, सुसर गंभीर रूप से घायल

**केकड़ी, (निसं)।** केकड़ी क्षेत्र में पुलिस की निष्क्रियता से अपराधियो के हौंसले बुलंद होते जा रहे है। क्षेत्र के हरिरामपुरा कॉलोनी में मंगलवार रात एक पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जब नशे में धुत दामाद ने अपने ही ससुर पर बंदूक से फायरिंग कर दी।

घटना में ससुर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद अजमेर रेफर किया गया प्राप्त जानकारी के अनुसार, मांदोलाई निवासी गज्जू मोग्या का अपनी पत्नी कमला से लंबे समय से विवाद चल रहा है। मंगलवार रात वह शराब के नशे में अपनी ससुराल हरिरामपुरा पहुंचा और पत्नी से झगड़ने लगा। झगड़े के बीच जब ससुर शंकर मोग्या (50) पुत्र देवा मोग्या ने बीच-बचाव की कोशिश की, तो गज्जू ने आपा खोते हुए शंकर पर बंदूक से गोली चला दी। गोली शंकर के पैर में लगी, जिससे वह लहूलुहान हो गया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुका था। घायल शंकर को तुरंत केकड़ी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे अजमेर रेफर कर दिया गया।

सूचना मिलने पर सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब आरोपी की तलाश कर रही है। स्थानीय लोगों में घटना को लेकर भारी रोष है। उनका कहना है कि केकड़ी क्षेत्र में अपराधियों के हौंसले इस कदर बढ़ चुके हैं कि अब दिनदहाड़े भी वारदात करने से नहीं हिचकते। लोगों ने पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए क्षेत्र में कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग की है।

## संभागीय आयुक्त कार्यालय के बाहर वकीलों का प्रदर्शन

**अजमेर, (कासं)।** किशनगढ़ में साथी वकील के साथ पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही से नाराज वकीलों का गुस्सा थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को जिला बार एसोसिएशन के बैनर तले वकीलों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। वकीलों ने कोर्ट कार्य बहिष्कार करते हुए संभागीय आयुक्त कार्यालय के बाहर सी आई भीखाराम काला का पुतला फूंका और मुख्य मार्ग पर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। वकीलों के प्रदर्शन को देखते हुए जिला पुलिस प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। अधिवक्ताओं ने कोर्ट परिसर के बाहर सांकेतिक धरना भी दिया।

अजमेर जिला बार एसोसिएशन के सचिव दीपक गुप्ता ने बताया कि बुधवार को कोर्ट परिसर में न्यायिक कार्य पूरी तरह बहिष्कार रखा गया और किसी भी व्यक्ति को कोर्ट परिसर में प्रवेश नहीं करने दिया गया। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जातीं, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान बार एसोसिएशन को भी मामले से अवगत करा दिया है। यदि जल्द सीआई काला को निलंबित नहीं किया तो प्रदेश भर में आंदोलन को तेज किया जाएगा।

**पुलिस कर रही है शहर का माहौल खराब :** अधिवक्ता प्रशांत यादव ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस शहर का माहौल खराब करने का प्रयास कर रही है।

आरपीएससी चौराहे और जयपुर रोड पर अनावश्यक बैरिकेडिंग कर रास्ते बंद कर दिए गए, जिससे आम जनता को भी परेशानी उठानी पड़ी। बार एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि पुलिस प्रशासन ने जल्द ही संतोषजनक जवाब नहीं दिया, तो उग्र आंदोलन । किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी। वहीं वकीलों के प्रदर्शन को देखते हुए कोर्ट परिसर के आस-पास भारी पुलिसबल तैनात रहा।

■ सीआई का फूंका पुतला


वकीलों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

## भगवती जैन ने दीक्षा ग्रहण की

**बिजयनगर, (निसं)।** श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ व श्री अखिल भारतीय नानक प्राज्ञ संघ केसंयुक्त तत्वावधान में रविवार को कृषि उपज मंडी प्रांगण में जैन साध्वी डा. दर्शनलता महाराज व डा. चारित्रलता जी महाराज के सानिध्य एवं उनके मुखारविंद से दो भगवती दीक्षाएं विधिपूर्वक संपन्न हुईं। महासाध्वी पूज्यनीया डॉ श्री दर्शनलता जी म.सा. से दीक्षा प्राप्त करने वाले मुमुक्ष दौलतराज तातेड को दीक्षा के पश्चात धैर्य मुनि महाराज साहब तथा ज्ञानचंद भंडारी को धीरज मुनि महाराज सा काआध्यात्मिक नामकरण हुआ । हजारोंकी संख्या मेंजैन समाज के श्रावक श्राविकाओं की उपस्थिति में आयोजित दीक्षा महोत्सव में ब्यावर, भीलवाड़ा, केकड़ी, सरवाड़, चेन्नई, बंगलौर हैदराबाद मुंबई जयपुर सहित विभिन्न नगरों से हजारों श्रद्धालु आध्यात्मिक क्षण के साक्षी बने । श्रीवर्धमान श्वेतांबर स्थानकवासी श्रावक संघ अध्यक्ष भंवरलाल कोठारी, मंत्री ज्ञान सिंह सांखला, भागचंद बाबेल, श्री नानक प्रज्ञा संघ के अध्यक्ष प्रकाश चंद संचेती, उमेद सिंह नाबेडा, ज्ञानचंद ललवानी, सुरेंद्र बाफना, अशोक श्रीमाल, राजेंद्र नावेडा, राजकुमार लुणावत, नरेंद्र बाफना, दिनेश बोहरा, पवन मडिया व अजय कुमार कोठारी सहित जैन समाज केबड़ी सँख्या में श्रावक श्राविकाएं मौजुद थे।

## सार-समाचार

### वकील 16वें दिन भी रहे हड़ताल पर

**मदनगंज-किशनगढ़,(निस)।** किशनगढ़ बार एसोसिएशन के बैनर तले सभी वकील 16वें दिन पर हड़ताल पर रहे। हड़ताल से लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, किंतु कोई भी जनप्रतिनिधि व जिम्मेदार व्यक्ति बिच बचाव करने के लिये आगे नहीं आ रहे है, जिसके चलते हड़ताल बड़े आंदोलन की राह पर पहुंच चुकी है। अध्यक्ष रूपेश शर्मा ने बताया की 25 अप्रैल को किशनगढ़ थाना इंचार्ज भीकाराम काला ने नोटिस दिये बगैर अधिवक्ता बालकिशन सुनारिया को कोर्ट परिसर से अवैधनिक तरीके से गिरप्तार कर जेल भेज दिया। एडवोकेटसुनारिया नोटरी पब्लिक है, जिन्होंने पॉवर ऑफ अटॉर्नी पर नोटरी की थी। झूठी शिकायत के आधार पर गिरप्तार करने की कार्यवाही के विरोध में थाना इंचार्ज को बर्खास्त करने की मांग को लेकर वकील हड़ताल पर है। अध्यक्ष शर्मा ने कहा कीजब तक थाना इंचार्ज काला को बर्खास्त नहीं किया जाता हे तब तक वकील अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। सचिव संजय कुमार बिड़ला ने कहा अजमेर बार एसोसिएशन ने हड़ताल का समर्थन कर उपरोक्त मांग को जायज ठहराया। जिला बार अध्यक्ष अशोक रावत ने कहा थाना इंचार्ज भीकाराम को बर्खास्त नहीं किया जाता तब तक अजमेर जिले की सभी बार अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेगी। अध्यक्ष अशोक रावत व किशनगढ़ अध्यक्ष रूपेश शर्मा के नेतृत्व में सैकडो वकीलों ने थाना इंचार्ज काला का पुतला दहन कर चेतावनी दी की अगर सार्थक परिणाम सामने नहीं आये तो आंदोलन को प्रांतीय स्तर पर किया जायेगा।

### ब्यावर जिले में गोठी स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा अव्वल

**ब्यावर ( निसं)** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के कक्षा 12वीं और 10 वीं के परिणाम मंगलवार को घोषित किये गये। ब्यावर जिले के प्रतिष्ठित विद्यालय भंवरलाल गोठी पब्लिक सी. सैकण्डरी स्कूल का परिणाम शानदार रहा । प्राचार्य धर्मेन्द्र कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों की शानदार सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए जानकारी दी कि कक्षा 12 के वाणिज्य संकाय के अर्हम रांका ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ब्यावर जिले में टॉप किया। विज्ञान संकाय में रक्षिता बंसल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 79.8 प्रतिशत और कला संकाय में किट्टू राजावत ने बाजी मारते हुए 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। प्राचार्य शर्मा ने बताया कि 20 से अधिक विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये है।इसी क्रम में उप प्राचार्या सुनीता चौधरी ने जानकारी दी की कक्षा 10 के विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का परचम लहराते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया है। उन्होनें बताया कि कक्षा 10 की सेजल सोनी ने पूरे ब्यावर जिले मे टॉप करते हुए 98.6 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कियाश्री वद्धर्मान शिक्षण समिति अध्यक्ष सुनील खेतपालिया एवं शाला निदेशक डॉ. आर. सी. लोढ़ा ने सभी विद्यार्थियो, अभिभावकों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने अभूतपूर्व परिणाम हासिल किया है।कार्यक्रम का संचालन अमनप्रीत सिंह व मेरी डेनियल ने किया । कार्यक्रम के दौरान ज्योति चौहान, राकेश सेन, गौतम चौहान, आशुतोष गोस्वामी, अभिषेक सिंह भाटी, सुरेन्द्र सिहं सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

### पेश की मानवता की मिसाल

**अजमेर, ।** अजमेर पुलिस की इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम (ईआरटी) ने सामाजिक सौहार्द, मानवीय रिश्तों और विभागीय एकता की शानदार मिसाल पेश की है। ईआरटी कमांडो टीम ने विभाग में वर्षों से भोजन सेवाएं दे रही महिला कर्मचारी गीता बेन के बेटे की शादी में पारंपरिक मायरा भरकर उन्हें परिवार जैसा साथ और सम्मान दिया। अजमेर के समीप गांव मुहामी में गीता बेन के निवास पर पहुंचे ईआरटी प्रभारी ताराचंद और उनकी टीम ने 51 हजार रुपए नकद, वस्त्र और उपहार भेंट कर मायरे की रस्म निभाई। इस भावुक और आत्मीय क्षण में गीताबेन और उनका परिवार गदगद हो उठा।

## रक्तदान के साथ शहीदों को श्रद्धांजलि दी

**ब्यावर (निसं)** जिला बार एसोसिएशन संस्था द्वारा आतंक के विरूद्ध भारत की लडाई में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजली देते हुए देश व जनसेवा की भावना से न्यायालय परिसर में प्रथम रकावान शिविर का आयोजन किया गया। संस्था सचिव नरेन्द्रकुमार शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम का शुभारंभ न्यायाधीश विजयप्रकाश सोनी, सतीश फानीन, जिला कलेक्टर महेन्द्र खडगावत एवं संस्था अध्यक्ष दिलीपसिंह गोरा ने फीता काट कर किया। शिविर में देशभक्ति का माहौल देखा गया व इसमे अधिवक्ता, न्यायालय स्टाफ एवं आमजन ने भावनात्मक रूप से हिस्सा लिया। 92 रक्तवीरो का रजिस्ट्रेशन किया गया।

**NAME CHANGE**

I, Usha Devi, Mother's of Army No.18014895K, NK, Sumit Kumar, Residing at Nandi, Firozpur, Saharanpur, U.P. 247001 have change my name from Vsha Devi to Usha Devi affidavit No CA 920558 at court campus Nasirabad

**अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

**लोक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती तनुजा जोशी पत्नी पंकज जोशी निवासी A- 760, पंचशील नगर योजना, अजमेर द्वारा राजस्व ग्राम घूघरा के खसरा नंबर 818 पुराना, प्लॉट नंबर 80, क्षेत्रफल 158.99 वर्गगज के भूखंड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त नियमन के संबंध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है। अत: किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के संबंध में आपत्ति हो तो आम सूचना के 7 दिवस से भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियमन कार्यवाही कर दी जायेगी।

(उपायुक्त उत्तर)
अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

**कार्यालय नगर परिषद किशनगढ (अजमेर) राज.**

क्रमांक : न.प.कि/भूमि/2025/2683 **आम सूचना** दिनांक: 14/5/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजेन्द्र पुत्र श्री रामलाल ने खांचा भूमि/भोगपडत के तहत पट्टा चाहने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कया है जो की कुम्हार मौहल्ला, मटका मण्डी रोड पुराना शहर किशनगढ़ में है जिसका कुल क्षेत्रफल 28.09 वर्गगज है जिसकी सीमाएं निम्न प्रकार से है-

पूर्व में : भोगपड़त भूमि बाद में गली — पश्चिम में : स्वयं का मकान
उत्तर में : जगदीश प्रजापत का मकान — दक्षिण में : 60 फीट आम रास्ता

उक्त सीमा मध्य स्थित खांचा भूमि/भोगपडत के तहत् पट्टा जारी किये जाने में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपति हो तो लिखित में सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में प्रस्तुत करे बाद होगा। मियाद किसी प्रकार की कोई आपति/ऐतराज मान्य नहीं अत: सूचित रहे।

प्रभारी भूमि शाखा, नगर परिषद, किशनगढ़

**कार्यालय नगर परिषद किशनगढ (अजमेर) राज.**

क्रमांक : न.प.कि/SDRC/2025/1083 **आम सूचना** दिनांक: 14/5/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 756 पर स्थित आवासीय (भूखण्ड क्षेत्रफल 373.00 वर्गगज मे से विखण्डित भूखण्ड पार्ट-ए क्षेत्रफल 305.68 वर्गगज एवं भूखण्ड पार्ट-बी क्षेत्रफल 67.32 वर्गगज) पर श्री मुकेश यादव पुत्र रामगोपाल यादव ने आवेदन प्रस्तुत कर उपविभाजन चाहा गया है।

उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है -

पूर्व में : श्री मोहनलाल यादव का भूखण्ड — पश्चिम में : सुविधा क्षेत्र वर्तमान में राधाकृष्णा मन्दिर
उत्तर में : कुएं की नली (गुण) — दक्षिण में : आम रास्ता

अत: उक्त एकीकरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मयाद किसी भी प्रकार की आपति स्वीकार नही होगी।

प्रभारी, नगर परिषद, किशनगढ़

**कार्यालय नगर परिषद किशनगढ (अजमेर) राज.**

क्रमांक : न.प.कि/SDRC/2025/1089 **आम सूचना** दिनांक: 14/5/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 662/1, 663/2, 663/3, 663/1 पर स्थित आवासीय (भूखण्ड संख्या 16 क्षेत्रफल 166.66 वर्गगज मे से विखण्डित भूखण्ड संख्या 16-ए क्षेत्रफल 83.33 वर्गगज एवं भूखण्ड संख्या 16-बी क्षेत्रफल 83.34 वर्गगज) पर श्री संजय तापडिया पुत्र श्री गोरधन तापडिया ने आवेदन प्रस्तुत कर उपविभाजन चाहा गया है।

उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है -

पूर्व में : खसरा संख्या 654 की भूमि — पश्चिम में : 30 फीट चौडा रास्ता
उत्तर में : 40 फीट चौडा रास्ता — दक्षिण में : खसरा संख्या 654 की भूमि

अत: उक्त एकीकरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मयाद किसी भी प्रकार की आपति स्वीकार नही होगी।

प्रभारी, नगर परिषद, किशनगढ़

**कार्यालय नगर परिषद किशनगढ (अजमेर) राज.**

क्रमांक : न.प.कि/SDRC/2025/1091 **आम सूचना** दिनांक: 14/5/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 26, 28, 35, 36, 41, पर स्थित आवासीय (भूखण्ड संख्या बी-217 क्षेत्रफल 244.44 वर्गगज मे से विखण्डित भूखण्ड क्षेत्रफल 122.22 वर्गगज) पर श्री अखिलेख कुमार गर्ग पुत्र श्री मोहनलाल गर्ग ने आवेदन प्रस्तुत कर उपविभाजन चाहा गया है।

उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है -

पूर्व में : भूखण्ड संख्या बी-247 एव बी-248 — पश्चिम में : 60 फीट चौडा रास्ता
उत्तर में : भूखण्ड संख्या बी-218 — दक्षिण में : भूखण्ड संख्या बी-216

अत: उक्त एकीकरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मयाद किसी भी प्रकार की आपति स्वीकार नही होगी।

प्रभारी, नगर परिषद, किशनगढ़